DATE :- 05-02-2026
RAJASTHAN PATRIKA, PAGE-3, SURAT

## मनपा ड्राफ्ट बजट में फिजिबिलिटी स्टडी का प्रस्ताव

# अहमदाबाद में आरंभ हो सकती है वाटर मेट्रो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर में परिवहन और पर्यटन को नया आयाम देने की दिशा में अहमदाबाद महानगरपालिका (मनपा) ने बड़ा संकेत दिया है। बुधवार को महानगरपालिका की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 के पेश ड्राफ्ट बजट में शहर स्थित साबरमती नदी में वाटर मेट्रो शुरू करने की संभावना तलाशने के लिए एक करोड़ रुपए की फिजिबिलिटी स्टडी का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें साबरमती रिवरफ्रंट के सौंदर्यीकरण, सांस्कृतिक ढांचे के विस्तार और पर्यटन-आधारित परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया गया है। मनपा ने साबरमती नदी के दोनों किनारों पर नए सांस्कृतिक केंद्र, अपग्रेडेड प्रोमेनेड, फूड कोर्ट, गार्डन और पर्यटन सुविधाओं के लिए कुल 853 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

**रिवरफ्रंट के 10 किलोमीटर लंबे हिस्से के विकास की भी योजना:** मनपा ने रिवरफ्रंट के 10 किलोमीटर लंबे हिस्से के विकास की भी योजना बनाई है। इसके तहत सड़कों, अपर प्रोमेनेड और सहायक अधोसंरचना का निर्माण किया जाएगा। यह विकास कार्य पूर्वी किनारे पर सदर बाजार से इंदिरा ब्रिज तक और पश्चिमी किनारे पर रेलवे ब्रिज से इंदिरा ब्रिज तक होगा, जिस पर 176 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। अहमदाबाद को वायर-फ्री सिटी बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है।



वाटर मेट्रो का प्रतीकात्मक फोटो।

### अहमदाबाद बनेगा फ्लड प्रूफ

मनपा आयुक्त बंछानिधि पाणि ने कहा कि पूरे शहर को फ्लड-प्रूफ बनाने के लिए फ्लड रिस्क असेसमेंट और मॉनिटरिंग मॉडल तैयार किया जाएगा। इसके लिए तालाबों का रिजुविनेशन और रिचार्जिंग कर उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए इंटरलिंकिंग कार्य शुरू होगा। तालाबों के कैचमेंट आधारित नेटवर्क का भी विकास किया जाएगा।

## स्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर का मिलेगा लाभ

# कॉमनवेल्थ गेम्स-2030 की तैयारी में पहला बजट

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** शहर को कॉमनवेल्थ गेम्स-2030 (शताब्दी संस्करण) का मेजबान चुने जाने के बाद महानगरपालिका का यह पहला ड्राफ्ट बजट है। ड्राफ्ट बजट में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर, दीर्घकालीन शहरी नियोजन और टिकाऊ विकास की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के स्पोर्ट्स, ट्रांसपोर्ट और अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया गया है। ईज ऑफ मूवमेंट, एलिवेटेड कॉरिडोर और एआई ट्रैफिक सिस्टम से गेम्स-टाइम मोबिलिटी की तैयारी की बात है। साबरमती रिवरफ्रंट फेज-3 और सिटी स्क्वायर जैसे प्रोजेक्ट से शहर की ग्लोबल इमेज मजबूत होगी।